# वन भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं

## समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने वन भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों को लेकर सड़क महकमे के साथ ही अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि एक सप्ताह में वन भूमि हस्तांतरण के लंबित मामलों पर त्वरित गति के साथ निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सभी विभागाध्यक्ष लंबित मामलों की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए डीएफओ व संबंधित एसडीएम से समन्वय बनाकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

वन भूमि हस्तांतरण को लेकर सीए लैंड के चिन्हीकरण को लेकर अभियान चलाने को कहा। वन भूमि हस्तांतरण को लेकर जो प्रस्ताव शासन, नोडल एवं भारत सरकार स्तर पर लंबित हैं, उनका विभागीय अधिकारी नियमित फॉलोअप करें। ताकि कोई भी सड़क एवं विकास कार्य वन भूमि हस्तांतरण के कारण लंबित न रहे। बुधवार को कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने वन भूमि हस्तांतरण मामलों की समीक्षा बैठक करते हुए विभागों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर वन भूमि के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। ताकि कोई भी सड़क एवं विकास कार्य वन भूमि हस्तांतरण के कारण लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने एसडीएम सहित सम्बंधित विभागों को संयुक्त रूप से प्राथमिकता के तहत सीए लैंड चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वन, सड़क निर्माण संस्थाएं व अन्य विभाग आपस में तालमेल बनाकर सड़कों का निर्माण और विकास कार्यो को जनहित में तेजी से पूरा करें। इस दौरान सभी डिविजनों में लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई व त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, ईई लोनिवि संजय पांडे, एके पटेल, विद्युत मो. अफजाल, जल निगम वीके रवि, एआरटीओ हरीश रावल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


जिले के अधिकारियों की समीक्षा करते डीएम आशीष भटगांई

### ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बागेश्वर।** जिला मजिस्ट्रेट आशीष भटगांई ने कलक्ट्रेट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। बुधवार को उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस में रखी मशीनों के स्ट्रॉग रूम के तालों की जांच कर सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने ईवीएम हाउस में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को वेयर हाउस परिसर में प्रवेश नहीं होने दिया जाए। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो इस हेतु तत्परता से ड्यूटी सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी ने कोषागार परिसर के साथ ही कैंटीन, सीआरए अनुभाग, एनआईसी, भूलेख, खनन व नजारत अनुभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने खराब और निष्प्रयोज्य सामग्रियों, पत्रावलियों की नियमानुसार विनिष्टिकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंटीन में रेट लिस्ट लगाने के साथ ही साफ-सफाई का उचित ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभिन्न अनुभागों के पटल सहायकों को पत्रावलियों व रजिस्टरों का रख रखाव व्यवस्थित व उचित तरीके से रखने के भी कड़े निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र प्रसाद देवली, धनी राम टम्टा आदि उपस्थित रहे।

# भतरौजखान में दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में पुलिस ने बीते एक महीने में एनडीपीएस एक्ट के तहत 16 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भतरौजखान पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को भतरौजखान थाना प्रभारी सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चौड़ी घट्टी के पास चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से दो बैगों में रखा 26.205 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 6,55,125 रुपये आंकी गई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान हनीफ मलिक (23) निवासी ग्राम पैगा, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर और लईक मलिक (32) निवासी करतारपुर कॉलोनी, गदरपुर के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे गांजा मासी से लेकर आए थे और इसे रामनगर ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी भौनखाल उप-निरीक्षक मोहन चंद्रा, प्रकाश सिंह, नारायण सिंह और प्रीतम सिंह शामिल रहे।

### पड़ोसी ने शौचालय तोड़ा, जांच की मांग

**अल्मोड़ा।** ग्राम माट डीना पानी निवासी 80 वर्षीय भवान राम ने जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी व पटवारी को ज्ञापन दिया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके पड़ोस में रहने वाला उच्छा राम द्वारा उनकी सरकारी भूमि पर बने शौचालय को तोड़ दिया गया है। वह आए दिन गाली गलौज मारपीट पर करने पर उतारू होता है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त मामले की जांच कर दोषी को सजा दी जाए।

## अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने बजट को बताया निराशाजनक

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की इकाई ने बद्रेश्वर में राज्य अध्यक्ष सुनीता पांडे के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की, जिसमें संसद में पेश किए गए बजट की आलोचना की गई। वक्ताओं ने इसे किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट में सार्वजनिक खर्च में लगातार गिरावट और सामाजिक क्षेत्र के व्यय में भारी कटौती की गई है।

जिससे आम जनता और महिलाओं के कल्याण की अनदेखी होती है। बैठक में कहा गया कि आंगनवाड़ी और पोषण योजनाओं के लिए नाममात्र की बढ़ोतरी दर्शाती है कि सरकार कमजोर वर्गों की उपेक्षा कर रही है। रोजगार के अवसरों पर ध्यान नहीं दिया गया, जबकि मनरेगा आवंटन में वास्तविक खर्च की तुलना में 3.7 प्रतिशत की कमी की गई है। घरेलू कामगारों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सामाजिक सुरक्षा की भी अनदेखी की गई है।

बैठक में समिति ने बजट को कॉरपोरेट-समर्थक बताते हुए खाद्य सुरक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए सार्वजनिक व्यय में वृद्धि की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सुनीता पांडे, जिलाध्यक्ष चंदा राणा, राधा नेगी, भावना पांडे, भावना तिवारी, जया, किरण, अनिता, भगवती आदि थे।

## डिग्री कॉलेज गरुड़ में पानी का संकट गहराया

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने तहसील प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**बागेश्वर।** डिग्री कॉलेज गरुड़ में पानी का संकट बना हुआ है। समस्या को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ता मुखर हो गए हैं। संगठन से जुड़े छात्रों ने तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन से जुड़े कार्यकर्ता बुधवार को कॉलेज में एकत्रित हुए। यहां हुई सभा में कॉलेज की समस्या पर चर्चा की। इसके बाद सभी छात्र तहसील में पहुंचे। यहां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से कॉलेज में पानी की समस्या बनी हुई है। कई बार विभाग को इस समस्या से अवगत करा दिया है। इसके बाद भी समस्या आज भी जस की तस बनी है। कॉलेज में 800 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्हें आए दिन इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। यदि जल्द समस्या नहीं सुधरी तो संगठन आंदोलन करेगा। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश कोरंगा, अधिवक्ता दिग्विजय फर्स्वाण, अधिवक्ता हरीश रावत, दिवाकर तिवारी, वीरेंद्र रावत, विशाल फर्स्वाण, पवन बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।



# पार्षद बने अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन ने नगर निगम में पार्षद पद पर निर्वाचित हुए सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर छह अधिवक्ता पार्षदों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें से मुकेश कुमार डैनी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया था, जबकि देवेंद्र बिष्ट, रोहित कार्की, वैभव पांडे, दीपचंद जोशी और इंतकाब कुरैशी निर्वाचित पार्षदों में शामिल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट महेश परिहार ने की और संचालन उप सचिव प्रेम कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर भावना जोशी, रमाशंकर नैनवाल, रोहित बिष्ट, गोविंद लाल वर्मा, पल्लव गसयाल, सुनीता तिवारी, विभा पांडे, सुनीता पांडे, आरसी उपाध्याय, पंकज लटवाल, भुवन पांडे, हंस दत्त पांडे, महेश चंद्र, संदीप कुमार, त्रिभुवन शर्मा, गोधन बिष्ट, भोले शंकर, नीरज जोशी, कुंदन लटवाल, निखिलेश पवार, आरपी भट्ट, भगवती प्रसाद, घनश्याम जोशी, भूपेंद्र जोशी, शेखर नैनवाल, भगवत मेर सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।


निर्वाचित पार्षदों का सम्मान करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

### बार एसोसिएशन ने किया माघी खिचड़ी का आयोजन

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा ने बार भवन पांडेखोला में माघी खिचड़ी का आयोजन किया। खिचड़ी सह भोज में जिला जज श्रीकांत पांडे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दयाराम, सिविल जज रविंद्र देव मिश्रा, सिविल जज जूनियर डिवीजन शिवांगी गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोड़ा सहित जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट महेश परिहार, दीप जोशी, भूपेंद्र मियान, कुंदन लटवाल, पंकज लटवाल, देवाशीष नेगी, संतोष पंत, बिंदेश्वरी प्रसाद टम्टा सहित अधिवक्ता व न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

# 49 नवनियुक्त एएनएम को दिए नियुक्ति पत्र

## भाजपा पदाधिकारियों से नियुक्ति पत्र बंटवाने से आक्रोश


नियुक्ति पत्र बांटते भाजपा कार्यकर्ता

**अल्मोड़ा।** पातालदेवी स्थित एएनएम सेंटर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अल्मोड़ा और बागेश्वर की 49 नवनियुक्त एएनएम महिला कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस नियुक्ति पत्र वितरण में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका को कांग्रेस ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन बताया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण की पूरी जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी की है, लेकिन वे भाजपा कार्यकर्ताओं से नियुक्ति पत्र बंटवा रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे किस अधिकार से राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं से नियुक्ति पत्र बंटवा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एक भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं, जिससे सेवा नियमावली का भी उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने सीएमओ पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग की।

## सिद्ध नरसिंह मंदिर के सौंदर्यीकरण को एक करोड़ मंजूर

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद चंपावत में सिद्ध नरसिंह मंदिर कालूखाल का सौंदर्यीकरण किए जाने हेतु 100 लाख रुपए एवं देवीधुरा मुख्य बाजार से महाविद्यालय को जाने वाली सड़क मार्ग 500 मीटर के हिस्से में इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाए जाने हेतु 56.30 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में की घोषणा हेमकुण्ड साहेब की रोड-गोविंद घाट से गांगरिया तक का नाम साहिबजादे जोरावर सिंह रोड किए जाने एवं बिडौरा छेवी पातशाही गेट से धूमखेड़ा मार्ग का नाम साहिबजादे फतह सिंह रोड किए जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया है।

# खिलाड़ियों ने किये अल्मोड़ा के प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन

### योगासन प्रतियोगिता के समापन के बाद अपने राज्यों को लौटे खिलाड़ी

**अल्मोड़ा।** योगासन प्रतियोगिता के समापन के बाद बुधवार को विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने मंदिरों के दर्शन किए। इसके बाद देश भर से आए खिलाड़ी अल्मोड़ा से अपने-अपने राज्यों के लिए वापस लौट गए हैं। मंगलवार शाम हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों की योगासन प्रतियोगिता का समापन हुआ।

देश के 22 राज्यों से 171 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए पहुंचे थे। समापन के बाद बुधवार को कई राज्यों के खिलाड़ियों ने नगर और आसपास के विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए। इसमें जागेश्वर, चितई, कसार देवी आदि मंदिर शामिल थे। खिलाड़ियों ने यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। मंदिरों की वास्तुकला और क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य को देख खिलाड़ी भाव विभोर हो उठे। वहीं, खिलाड़ियों के घूमने के लिए डायरेक्टर ऑफ कंपटीशन की ओर से भी बसों की व्यवस्था की गई थी। ताकि खिलाड़ी प्रतियोगिता के बाद क्षेत्र में यादगार पल बिता सकें। इसके अलावा प्रशासन की ओर से भी मंदिरों में खिलाड़ियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

मंदिरों में दर्शन के बाद बुधवार शाम तक लगभग सभी खिलाड़ी अपने-अपने राज्यों की ओर लौटे।

### स्वच्छता का महत्व बताया

**बेरीनाग।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. पीएस मेहरा ने किया। डा. मेहरा ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना हम लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वयंसेवियों से परिसर को सदैव स्वच्छ एवं साफ बनाए रखने की अपील की। इसके बाद स्वयंसेवियों ने परिसर की साफ-सफाई की। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी गोस्वामी, डा. अंजली देवी यादव, डा. विनीता नरेश चंद मौजूद थे।

### डीएसबी मैमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया

**रामनगर।** डीएसबी मैमोरियल पब्लिक स्कूल नरीपुरा छोई रामनगर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे सबसे आकर्षक नन्दा सुनंदा राजजात यात्रा की झांकी रही। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विशिष्ठ अतिथि वीरेन्द्र पाल सिंह रावत, अरविन्द चौधरी, विपिन चंद्र जोशी, विद्यालय के प्रबंधक आनंद सिंह बिष्ट, विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश आर्य, प्रबंधक सुरेंद्र सिंह बिष्टि आदि मौजूद रहे।



# डायट में अबेकस प्रशिक्षण आयोजित

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सुमित्रानंदन पंत सभागार में पांच दिवसीय समग्र शिक्षा के तत्वावधान में अबेकस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस का शुभारम्भ कार्यक्रम समन्वयक डा. बीडी पाण्डेय ने किया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रत्येक ब्लॉक के दो प्रशिक्षुओ (बागेश्वर ब्लॉक से चंद्रशेखर त्रिपाठी व गीता, गरुड़ ब्लॉक से बलबीर सिंह बिष्ट व उपेन्द्र मेहता, कपकोट ब्लॉक से महेंद्र कुमार व हरीश ऐठानी) ने पूर्व दिवस की आख्या प्रस्तुत की। सत्र को आगे बढ़ाते हुए द्वितीय सत्र में कार्यक्रम समन्वयक डा. बीडी पाण्डेय एवं मास्टर ट्रेनर केदार मेहता ने पूर्व दिवस के प्रशिक्षण में बताए गए अबेकस नियम, एडिशन की पुनरावृत्ति, विसुलाइजेशन एवं द्वितीय दिवस के अभ्यास कार्य हेतु गृहकार्य में दिए गए 1270 प्रश्नों का मूल्यांकन एवं संसोधन किया गया।

तृतीय सत्र का प्रारम्भ डा. बीडी पाण्डेय ने एवं केदार सिंह मेहता ने बिग फ्रेंड्स एडिटिंग के साथ की। अंतिम सत्र में प्राचार्य डीसी सती ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय दिवसों के प्रशिक्षण उपलब्धियों का मूल्यांकन एवं प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर केदार मेहता, डा. केपी चंदोला, डा. रवि कुमार जोशी, डा. संदीप जोशी, डा.राजीव जोशी, डा. रुचि पाठक, पूजा लोहनी, डा. उर्मिला बिष्ट, डा. सीएम जोशी, डा. दयासागर, डा. केएस रावत आदि मौजूद रहे।

## आयवर्धन व जागरुकता प्रसार में पशु सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण

### 12 पशुसखियों को पशुसखी किट बांटी

**लोहाघाट।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य, पशु बीमा व गरीबतम परिवारों की पशु पालन से त्वरित आय वर्धन व जागरुकता प्रसार में पशु सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विकास खण्ड सभागार चंपावत में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामोत्थान व पशुपालन विभाग के सहयोग से आयोजित पशु सखियों की बैठक व किट वितरण कार्यक्रम के दौरान बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कही। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. नन्दन सिंह आगरी ने उपस्थित पशु सखियों को पशु रोगों से संबंधित विभिन्न दवाइयों व उपकरणों के उपयोग की जानकारी देते हुए पशुओं में होने वाले वाह्य एवं आंतरिक रोगों के कारण व निदान की जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी वसुंधरा गर्ब्याल ने कहा कि पशुसखी अपने क्षेत्र में पशुपालन विभाग एवं पशुपालकों के बीच एक सम्पर्क सूत्र का कार्य करते हुए पशुओं के प्राथमिक उपचार में सहयोग व गंभीर रूप से बीमार पशुओं को बेहतर इलाज करवाने के लिए पशुपालकों का प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम के समापन से पूर्व मुख्य विकास अधिकारी ने 12 पशुसखियों को पशुसखी किट वितरित करते हुए किट में रखी सामग्री, दवाई व उपकरणों के सदुपयोग हेतु प्रेरित करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में एपीडी विम्मी जोशी, डीपीएम ग्रामोत्थान शुभंकर कुमार झा, डीटीई कैलाश चंद्र, रीप के सहायक प्रबंधक प्रकाश चंद्र पाठक, अतुल सिरस्वाल, हिमांशु, नीरज आदि ने विचार रखे।


पशु सखियों को किट वितरित करते सीडीओ संजय कुमार सिंह

### जोशी बने अल्मोड़ा क्षेत्राधिकारी

**अल्मोड़ा।** एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। बुधवार को जारी आदेश के तहत पुलिस उपाधीक्षक गोपाल दत्त जोशी को पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्किल अल्मोड़ा नियुक्त किया गया है। वे अभिसूचना एवं सुरक्षा मुख्यालय से स्थानांतरित होकर अल्मोड़ा आए हैं। गोपाल दत्त जोशी पूर्व में भी जनपद अल्मोड़ा में उपनिरीक्षक अभिसूचना के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। इसके अलावा, वे टिहरी जनपद, सीपीओ बनबसा और अभिसूचना एवं सुरक्षा मुख्यालय में निरीक्षक पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसी क्रम में वर्तमान में सर्किल अल्मोड़ा के पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद का स्थानांतरण पुलिस उपाधीक्षक रानीखेत के पद पर किया गया है।



# पाक कला में तारा देवी को प्रथम स्थान

### ब्लॉक स्तरीय भोजन माता पाक कला प्रतियोगिता आयोजित

**बागेश्वर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय नौघर में ब्लॉक स्तरीय भोजन माता पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों से आई भोजन माताओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय मीनू के अनुसार विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए तथा उनका प्रदर्शन किया गया। पाक कला प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुदिला की भोजन माता तारा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, राजकीय इंटर कॉलेज बंतोली की भोजन माता खष्टी नेगी ने द्वितीय स्थान एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मैग्डिस्टेट की भोजन माता मोहिनी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप भाकुनी सीआरसी समन्वयक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय प्राथमिक विद्यालय नौकर की प्रधानाध्यापिका सहाना बानो ने की। इस अवसर पर एमडीएम प्रभारी पुष्कर अलमिया, सीआरसी भगततोला, जानकी वर्मा, किरण सिंह पिमोली एवं पूजा गोस्वामी उपस्थित रहे। बीआरसी भुवन भट्ट ने भोजन माता की भूमिका को महत्वपूर्ण करार देते हुए उनका सम्मान किया।

### विद्या मंदिर इंटर कालेज में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**अल्मोड़ा।** महिला सशक्तिकरण के दौर में बालिका शिक्षा को गम्भीरता से आगे बढ़ाने की दिशा में अधिकार संपन्न शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, जीवनधाम में बालिकाओं के प्रवेश के लिए नामांकन प्रक्रिया आरम्भ हो रही है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या गोदावरी चतुर्वेदी ने बताया गया कि उनके विद्यालय में बालिका शिक्षा-उन्नयन के लिए सह पाठयक्रम गतिविधियों के साथ-साथ बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता एवं रोजगार प्रदत्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अनुभवी शिक्षक- शिक्षिकाओं की सुविधायें उपलब्ध हैं। विद्यालय परिसर में स्मार्ट क्लास सहित अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालायें उपलब्ध हैं। कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा छह से नौ एवं कक्षा 11 के लिए नामांकन प्रक्रिया आरम्भ हो रही है।

# मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ता मुखर



**अल्मोड़ा।** संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर सेंट्रल ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन (सीटू) और आशा कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क चौघानपाटा में धरना प्रदर्शन किया। सीटू के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में वक्तसओं ने आशा कार्यकर्ताओं को 26 हजार मानदेय सहित स्थायी नियुक्ति देने की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार श्रम संहिताओं को लागू करने में टालमटोल कर रही है, जिसे मजदूर आंदोलन स्वीकार नहीं करेगा। वक्ताओं ने बजट को मजदूरों और बेरोजगारों के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा कि आम जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है।

धरने में राजेंद्र प्रसाद जोशी, ममता भट्ट, जानकी देवी, लक्ष्मी वर्मा, सुशील जोशी, सुशील तिवारी, आरपी जोशी, किरण शाह, रेखा आर्य, कुंती देवी सहित कई आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जयंती पर याद किए गए शमशेर सिंह बिष्ट

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के जननायक डा. शमशेर सिंह बिष्ट की 78वीं जयंती के अवसर पर वाहिनी के कार्यालय में एक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेवती बिष्ट ने की। कार्यक्रम में स्व. बिष्ट को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने बिष्ट के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड में कई जन आंदोलनों को नई दिशा मिली, जिसने राज्य की दशा और दिशा को बदलने में अहम भूमिका निभाई। वे नदी बचाओ आंदोलन, उत्तराखंड छात्र आंदोलन, चिपको वन आंदोलन, नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन और उत्तराखंड राज्य आंदोलन जैसे महत्वपूर्ण आंदोलनों के प्रमुख स्तंभ रहे। बड़ी विद्युत परियोजनाओं के विरोध में उन्होंने पूरे उत्तराखंड में पैदल यात्रा की। वक्ताओं ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रगतिशील शक्तियों को एकजुट करने में बिष्ट का योगदान अविस्मरणीय है। गोष्ठी में वाहिनी के महासचिव पूरन चंद्र तिवारी, जंग बहादुर थापा, बिशन दत्त जोशी, अनिसुद्दीन, अजयमित्र, नौशाद अहमद, अजय सिंह मेहता, दया कृष्ण कांडपाल, एडवोकेट जगत रौतेला और आराध्य बिष्ट सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पत्रकारों ने किया शोक व्यक्त

**अल्मोड़ा।** रानीखेत टाइम्स साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक व जिला स्तरीय स्थाई मान्यता समिति के सदस्य रहे जगदीश चंद्र तिवारी के निधन पर बुधवार को प्रेस क्लब सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पत्रकारों ने गहरा दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया। पत्रकार जगदीश जोशी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व. जगदीश चंद्र तिवारी जनसरोकारी पत्रकारिता के प्रतिबद्ध थे। उन्होंने समय समय पर अपनी लेखनी से सरकारों व प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान जनमुद्दों व समस्याओं की ओर आकर्षित किया। इस मौके पर प्रेस क्लब के सचिव रमेश जोशी, कपिल मल्होत्रा, हरीश भंडारी, हर्षवर्धन पांडे, किशन जोशी, संतोष बिष्ट, मोहित अधिकारी, शिवेंद्र गोस्वामी, दिनेश भट्ट, अमित उप्रेती, हिमांशु लटवाल आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# पंचम शिव शक्ति क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**बेरीनाग।** शिव शक्ति क्लब के तत्वावधान में महाविद्यालय के खेल मैदान में पंचम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार से शुरू हो गया है। उद्घाटन मैच युवा क्लब चौसाला पुंगराऊ घाटी और चौकी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चौकी की टीम ने 13 ओवर में 139 रन आलआउट हो गई। जबाब चौसाला पुंगराऊ घाटी की टीम ने 14 ओवर में तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। सागर को मैन आफ द मैच मिला।

प्रतियोगिता का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कालाकोटी ने किया और कहा कि खेल गतिविधियों में हमेशा बढ़चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत ने कहा क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम 50 हजार और उप विजेता को 25 हजार नगद पुरस्कार दिया जा रहा है। प्रतियोगिता में पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, डीडीहाट, गंगोलीहाट सहित आदि क्षेत्रों के दो दर्जन टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि दीपक रौतेला, स्थानीय अभिसूचना प्रभारी विश्वराज, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप महरा, जीवन धानिक, शैलेश मेहता, संदीप धानिक, सचिन डांगी, रवि बाफिला, अनिल सौन, निर्णायक रवि खम्पा विजय मेहरा मौजूद रहे।


क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर अतिथि और खिलाड़ी